Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding implementation of Jal Jeevan Mission in Jhalwar-Baran Parliamentary Constituency

श्री दुष्यंत सिंह (झालावाड़-बारां): सर, मुझे आपका संरक्षण चाहिए।

ऑनरेबल चेयरमैन साहब, मैं उस राज्य से आता हूं, जिस राज्य में सिर्फ एक प्रतिशत सरफेस वॉटर है। आदरणीय प्रधान मंत्री जी ने जल जीवन मिशन में हमारी प्रान्त की सरकार को, वर्तमान की कॉंग्रेस सरकार को वर्ष 2022-23 में 13,328 करोड़ रुपये दिए। पर, उसमें जो पैसे अभी तक लगाए गए हैं, वह केवल 19 प्रतिशत है।

मैं बारां-झालावाड़ क्षेत्र से आता हूं। वह क्षेत्र एक आकांक्षी जिला है। मेरे क्षेत्र में एक बड़ा डैम बनने जा रहा है। वहां के 906 गांवों में पानी पहुंचाने की आवश्यकता है। सरकार ने वहां दो साल का एलोकेशन बढ़ाने की बात कही है। मगर, वर्तमान सरकार ने अपनी एलोकेशन बढ़ाने के लिए सरकार के नम्बर को अच्छा करने के लिए और एक मधुर वातावरण बनाने की बात रखी है।

परंतु, वास्तविक स्थिति यह है कि वहाँ की वर्तमान स्थिति इतनी खराब हो गई है कि राज्य सरकार को जो काम करना था, उसने अभी तक पूरा नहीं किया है। हमारे जो आकांक्षी जिले हैं, उनमें 21.1 परसेंट काम हुआ है। मेरे झालावाड़ में भी काम नहीं हुआ है।

महोदय, मैं आपसे अनुरोध करना चाहता हूँ कि वर्तमान केंद्र सरकार इस पर ध्यान दें। अभी माननीय मंत्री जी बैठे हैं। हमारे अर्जुन मेघवाल जी बैठे हैं। मैं इनसे भी अनुरोध करता हूँ। आप केंद्र सरकार के माध्यम से राज्य सरकार से माँग करें। जेजेएम का जो काम है, वह केवल एक डिस्ट्रिक्ट में नहीं, बल्कि सभी डिस्ट्रिक्ट्स में बहुत स्लो चल रहा है। इनमें काम किया जाए। हमारे जो आकांक्षी जिले हैं, जहाँ से मैं आता हूँ, उन क्षेत्रों में काम कराने के लिए आप कृपा करें।